उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्याः 640/70/01/डी0आर0(मा0शि0)/सेवा–1/2019–20 **दिनांक 25 फरवरी, 2026**

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग– समूह 'ग') सेवा (सामान्य एवं महिला शाखा) परीक्षा–2020 के सापेक्ष अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रिट याचिका सं0–1291(एस0एस0)/2022 योगेन्द्र कुमार शाह, रिट याचिका सं0–1295(एस0एस0)/2022 मोहन चन्द्र एवं रिट याचिका सं0–1221(एस0एस0)/2022 मीरा पपनै, में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 06.08.2025 एवं 25.08.2025 के क्रम में **उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह ग' सेवा (सामान्य एवं महिला शाखा) परीक्षा–2020** के अन्तर्गत दिव्यांगजन की रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 की धारा 34(2) के क्रम में अदला–बदली की प्रक्रिया के अनुसार विज्ञप्ति संख्या :206/16/प्र0परीक्षा(मुख्य)–2020/गोपन–2/2020–21 दिनांक 13 फरवरी, 2026 द्वारा विषयवार **अभिलेख सत्यापन सूची (Documents Verification List)** निर्गत की गयी है।

2–उक्त अभिलेख सत्यापन सूची (Documents Verification List) में स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन **परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में दिनांक 12 मार्च, 2026 एवं दिनांक 13 मार्च, 2026** को किया जाना निर्धारित है। अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम/आवश्यक निर्देश आयोग की **Website-psc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त का अवश्य अवलोकन कर लें।

3–अभ्यर्थी अभिलेखों की जांच हेतु नियत तिथि को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को इस संबंध में पृथक से डाक द्वारा सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी।

-Sd/
(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव।